दुर्घटना

सड़क की खराब हालत और ठेकेदार की लापरवाही का हवाला देते हुए ग्रामीणों ने एंबुलेंस रोकी

# बैलगाड़ी से टकराई बाइक, किशोर की मौत




**अनूपपुर, नवभारत 27 अप्रैल।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पसला गांव में एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार किशोर समर सिंह मार्को की मौत हो गई। घटना के बाद एंबुलेंस को शव ले जाने से रोकने और घायल को समय पर अस्पताल नहीं पहुंचाए जाने को लेकर विवाद गहरा गया है।

जानकारी के अनुसार पसला से हर्री फाटक जाने वाली अधूरी सड़क पर कर्राटोला निवासी समर सिंह मार्को की बाइक की बैलगाड़ी से टक्कर हो गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद उसके साथी ने तत्काल एंबुलेंस को सूचना दी, लेकिन करीब एक घंटे बाद एंबुलेंस मौके पर पहुंची। इस दौरान कुछ ग्रामीणों ने सड़क की खराब हालत और ठेकेदार की लापरवाही का हवाला देते हुए एंबुलेंस को शव ले जाने से रोक दिया।

### विरोध के चलते एंबुलेंस को वापस लौटना पड़ा

ग्रामीणों का कहना था कि जब तक संबंधित ठेकेदार मौके पर नहीं पहुंचेगा, तब तक शव नहीं हटाया जाएगा। इस विरोध के चलते एंबुलेंस को वापस लौटना पड़ा। बाद में डायल 112 की मदद से घायल समर को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### परिजनों ने एंबुलेंस की देरी पर उठाए सवाल

घटना के बाद परिजनों में भारी नाराजगी देखी गई। उन्होंने सड़क निर्माण में लापरवाही, एंबुलेंस की देरी और ग्रामीणों की भूमिका पर गंभीर सवाल उठाए हैं।

सोमवार को पुलिस की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराया गया। जनपद पंचायत जैतहरी के अध्यक्ष राजीव सिंह ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी

परिजनों ने भी ठेकेदार और संबंधित जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग उठाई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। सोमवार सुबह जिला अस्पताल में परिजन विरोध प्रदर्शन की तैयारी कर रहे थे, लेकिन पुलिस ने समझाइश देकर स्थिति को शांत कराया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।



# डिजिटल सेवा केंद्र खोलकर दुलारी बनीं आत्मनिर्भर

**सही कार्यशैली और ईमानदारी से क्षेत्र में बनाई विश्वसनीय पहचान**

**अनूपपुर, नवभारत 27 अप्रैल।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) एवं हकदर्शक आकांक्षा प्रोजेक्ट की मदद से जनपद अनूपपुर के ग्राम छोहरी निवासी दुलारी यादव ने आत्मनिर्भरता की नई मिसाल पेश की है। कभी घर की चारदीवारी तक सीमित रहने वाली दुलारी आज डिजिटल सेवा केंद्र संचालित कर न केवल अपने परिवार का सहारा बनी हैं, बल्कि समाज की सेवा भी कर रही हैं। दुलारी यादव बताती हैं कि एक वर्ष पहले तक उनका जीवन बेहद संघर्षपूर्ण था। पति शिक्षित होने के बावजूद उनकी खराब स्वास्थ्य स्थिति के कारण वे बाहर काम नहीं कर पा रहे थे। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर थी और गांव में मजदूरी कर किसी तरह घर का खर्च चलाया जाता था।

### डिजिटल उद्यमी बनने का दिखाया साहस

इसी दौरान दुलारी यादव बंदनी स्व-सहायता समूह से जुड़ीं, जहां उन्हें हकदर्शक और योजना सखी के बारे में जानकारी मिली। 24 फरवरी 2026 को ग्राम फुनगा में हकदर्शक आकांक्षा प्रोजेक्ट के यशवेंद्र सिंह से मुलाकात ने उनके जीवन की दिशा बदल दी। घर में केवल एक मोबाइल होने के बावजूद उन्होंने डिजिटल उद्यमी बनने का साहस दिखाया। अनूपपुर में आयोजित सीएफआईजी आकांक्षा प्रोजेक्ट के तहत उन्होंने डिजिटल प्रशिक्षण प्राप्त किया।

### फील्ड में जाकर काम सीखा

यशवेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में उन्होंने फील्ड में जाकर काम सीखा और जरूरत पड़ने पर गूगल मीट के माध्यम से ऑनलाइन प्रशिक्षण लेकर समस्याओं का समाधान किया। आज वे अपने पति के साथ एक टीम की तरह गांव-गांव जाकर शिविर लगाती हैं। दुलारी यादव अब अपने डिजिटल सेवा केंद्र के माध्यम से पैन कार्ड, ई-श्रम कार्ड, आयुष्मान (आभा) कार्ड, संबल कार्ड, बैंक खाता खोलने तथा बिजली बिल भुगतान जैसी अनेक सेवाएं उपलब्ध करा रही हैं। इससे उन्हें आर्थिक मजबूती मिली है।

# हाईकोर्ट ने कलेक्टर समेत चार अधिकारियों को किया तलब

**आदेश की अवहेलना पर मंगलवार को हाईकोर्ट में उपस्थित होने के दिए निर्देश**



**अनूपपुर, नवभारत 27 अप्रैल।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर ने आदेशों की अवहेलना और नियमितीकरण के बाद देय लाभों का भुगतान लंबित रखने के मामले में अनूपपुर कलेक्टर हर्षल पंचोली समेत चार अधिकारियों को तलब किया है।

न्यायालय ने कलेक्टर, संभागीय उपायुक्त आदिवासी विकास शहडोल, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास अनूपपुर सरिता नायक तथा कन्या परिसर अनूपपुर की प्राचार्य प्रमिला पांडे को मंगलवार 28 अप्रैल को सुबह 10.30 बजे कोर्ट रूम नंबर 13 में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

### मामला सहायक ग्रंथपाल का

मामला कन्या परिसर अनूपपुर में पदस्थ सहायक ग्रंथपाल संतोष कुमार शुक्ला से जुड़ा है। शुक्ला के नियमितीकरण के बाद उन्हें मिलने वाले एरियर्स, समयमान वेतनमान और अन्य वित्तीय लाभ लंबे समय से लंबित थे। आरोप है कि पहली किश्त जारी होने के बाद विभाग ने उच्च न्यायालय और शासन के स्पष्ट निर्देशों की अनदेखी करते हुए रिकवरी आदेश जारी कर दिया और अन्य सभी लाभ रोक दिए।

### जानबूझकर भुगतान रोका गया

उच्च न्यायालय जबलपुर के वरिष्ठ अधिवक्ता कैलाश चंद्र घिल्डियाल ने बताया कि शासन और न्यायालय के आदेश के बावजूद विभाग ने जानबूझकर भुगतान रोके रखा। याचिका में कलेक्टर हर्षल पंचोली, संभागीय उपायुक्त आदिवासी विकास शहडोल, सहायक आयुक्त सरिता नायक और प्राचार्य प्रमिला पांडे को प्रतिवादी बनाया गया। न्यायालय ने 10 मार्च 2025 को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था, लेकिन संतोषजनक पालन नहीं होने पर 16 अप्रैल 2026 को एक सप्ताह के भीतर आदेशानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

### स्वर मल्लिका आशा भोसले को गुंजन की गीतांजलि 1 को

**नवभारत, जबलपुर।** गायन की दुनिया में विशिष्ट स्थान बनाकर दुनिया के करोड़ों लोगों को अपना प्रशंसक बनाने वाली स्वर मल्लिका आशा भोंसले को उनके गए गीतों के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए गुंजन कला सदन एवं संस्कारधानी आर्टिस्ट आर्गनाइजेशन द्वारा 'गीतांजलि' का आयोजन बबलू मैथ्यूज के संगीत निर्देशन में शहीद स्मारक सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के सहयोग से 1 मई 26 को संध्या 6. 30 बजे से शहीद स्मारक प्रेक्षागृह में किया गया है। कार्यक्रम का आतिथ्य पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश चंद्रेश खरे, एड. एसपी सूर्यकांत शर्मा, समाजसेवी दिनेश यादव एवं संदीप जैन वैष्णव करेंगे। इस अवसर पर बबलू मैथ्यूज, गायिका श्रीमती तृप्ति निगम एवं श्रीमती कमलेश नायक का सम्मान किया जाएगा।

# हाथी के हमले में मृत महिला का शव लेने से इनकार



**7 दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो वन विभाग कार्यालय का होगा घेराव**

**अनूपपुर, नवभारत 27 अप्रैल।** जिला मुख्यालय से करीब 8 किलोमीटर दूर स्थित भोलगढ़ गांव में रविवार की दोपहर एक दर्दनाक हादसे में ग्रामीण महिला प्रेमवती पाव की हाथी के हमले में मौत हो गई थी। घटना के बाद पूरे गांव में आक्रोश फैल गया। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद जब पुलिस अभिरक्षा में एंबुलेंस से शव गांव लाया गया, तब परिजनों और ग्रामीणों ने शव लेने से इनकार कर दिया। उन्होंने दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई, हाथियों को गांव से बाहर निकालने और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।

### दोषियों पर कार्रवाई की मांग

उनका कहना था कि जब तक प्रशासन हाथियों की समस्या का स्थायी समाधान नहीं करेगा और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं होगी, तब तक अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा। घटना की खबर फैलते ही सैकड़ों ग्रामीण भोलगढ़ मढ़िया प्रांगण में एकत्र हो गए। ग्रामीणों ने राष्ट्रीय राजमार्ग घेराव की चेतावनी देते हुए वन विभाग और राजस्व विभाग के अधिकारियों को तत्काल मौके पर बुलाने की मांग की।

### तत्काल आर्थिक सहायता देने की मांग

स्थिति को देखते हुए पुलिस और प्रशासनिक अमला सक्रिय हुआ। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष रमेश सिंह के नेतृत्व में ग्रामीणों ने प्रशासन के सामने कई मांगें रखीं। ग्रामीणों ने कहा कि गांव के आसपास लगातार हाथियों की मौजूदगी से लोग भय के माहौल में जी रहे हैं। हाथियों को गांव से बाहर निकाला जाए या उनका रेस्क्यू किया जाए। पीड़ित परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता दी जाए और जब तक हाथियों को हटाया नहीं जाता, तब तक अतिरिक्त वन कर्मियों की तैनाती की जाए।

## एक नजर में




### ग्राम निगौरा में श्रमदान से किया गया बोरी बंधान

**अनूपपुर, नवभारत।** जल गंगा संवर्धन अभियान द्वितीय चरण के अंतर्गत आयोजित जल स्रोत सेवा समागम कार्यक्रम के तहत जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था आनंदम सोशल वेलफेयर सोसायटी, धनगवां पूर्वी द्वारा विकासखंड जैतहरी के ग्राम निगौरा में जल संरक्षण के उद्देश्य से बोरी बंधान का कार्य किया गया। संस्था के सदस्यों ने बताया कि बोरी बंधान के माध्यम से जल को रोका जा सकेगा, जिससे पशु-पक्षियों के लिए पेयजल उपलब्ध रहेगा। इसके साथ ही भू-जल स्तर में भी सुधार होने की संभावना है। यह प्रयास जल संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक फते सिंह, सीएमसीएलडीपी के छात्र-छात्राएं, सीएम इंटर्न तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने नदी में श्रमदान कर बोरी बंधान किया और ग्रामीणों को जल संरक्षण का महत्व बताते हुए जल बचाने का संदेश दिया।

### सेंट पीटर कैथेड्रल में दृढ़ीकरण संस्कार का आयोजन

**नवभारत, जबलपुर।** सेंट पीटर एंड पॉल कैथेड्रल, सदर में पवित्र दृढ़ीकरण संस्कार अत्यंत श्रद्धा, गरिमा और आध्यात्मिक उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। यह पावन अनुष्ठान विशप डॉ. वल्लन अरसु के कर कमलों द्वारा सम्पन्न किया गया। अपने प्रेरणादायी प्रवचन में उन्होंने उम्मीदवारों को पवित्र आत्मा के वरदानों को जीवन में अपनाने, विश्वास में दृढ़ रहने तथा प्रेम, सेवा और सत्य के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि दृढ़ीकरण केवल एक संस्कार नहीं, बल्कि मसीह के साक्षी बनकर समाज में प्रकाश फैलाने की एक नई जिम्मेदारी है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में माता-पिता, धर्मशिक्षक एवं विश्वासी उपस्थित रहे। सभी ने नवयुवाओं के उज्ज्वल भविष्य और उनके विश्वास में निरंतर वृद्धि के लिए सामूहिक प्रार्थना की। पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा और प्रेरणा से परिपूर्ण रहा। इस पवित्र मिस्सा बलिदान में पल्लीपुरोहित डॉ. फादर डेविस जोर्ज एवं सह पल्लीपुरोहित जोनस मरकाम की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री जॉन डेविड, मनोज अन्थोनी, क्रिस्टहोपर नरोन्हा, रेशलू पीटर एवं अन्य सहयोगियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### जिला सत्र न्यायाधीश हिदायतउल्ला खान को मातृशोक



**अनूपपुर, नवभारत।** इंदौर जिले में पदस्थ जिला सत्र न्यायाधीश हिदायतउल्ला खान निवासी धनपुरी (शहडोल) की माता जुम्मी बी (83 वर्ष) का सोमवार को निधन हो गया। उनके निधन की खबर फैलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद की संभागीय एवं जिला इकाई ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दुख को सहने की शक्ति प्रदान करने की कामना करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। हिदायतउल्ला खान अनूपपुर, सतना, छिंदवाड़ा, डिण्डोरी, रायसेन सहित कई जिलों में जिला न्यायाधीश के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। वर्तमान में वे इंदौर जिले में पदस्थ हैं।




# विशेषज्ञों ने साझा किए आधुनिक उपचार के गुर

**स्त्री रोग संबंधी लेप्रोस्कॉपी पर कार्यशाला का आयोजन**

नवभारत, जबलपुर। जबलपुर हॉस्पिटल एवं स्त्रीरोग विशेषज्ञ संघ के संयुक्त तत्वावधान में स्त्री रोग संबंधी लेप्रोस्कॉपी पर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के वरिष्ठ चिकित्सकों, विशेषज्ञों और मेडिकल प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य महिला स्वास्थ्य से जुड़े नवीनतम उपचार, तकनीक और शोध पर चर्चा करना रहा। इस दौरान उच्च जोखिम लेप्रोस्कोपिक सर्जरी जैसे विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। विशेषज्ञों ने अपने अनुभव साझा किए, जिससे चिकित्सकों और विद्यार्थियों को नई जानकारी प्राप्त हुई। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व डीन एवं विभागाध्यक्ष डॉ. प्रो. शशि खरे ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. गीता, डॉ. राजेश धीरवानी, डॉ. अरविंद लेले और डॉ. प्रो. धनंजय शर्मा उपस्थित रहे। डॉ. प्रज्ञा धीरवाणी ने सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि इससे चिकित्सकों के ज्ञान और कौशल में वृद्धि होती है, जो मरीजों को बेहतर उपचार देने में सहायक है। कार्यशाला में डॉ. शिंजनी पांडे और डॉ. देवकृति धीरावानी ने लेप्रोस्कॉपी की जटिल बारीकियों पर प्रकाश डाला। वहीं डॉ. संगीता श्रीवास्तव, डॉ. अर्चना श्रीवास्तव, डॉ. दीपांकर बनर्जी, डॉ. अलका अग्रवाल, डॉ. मानिक पांसे, डॉ. निधि बजाज और डॉ. कटियार सहित कई चिकित्सक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दीप्ति गुप्ता और डॉ. श्रुति श्रीवास्तव ने किया।

### मां जैसा इंतजार किसी ने नहीं किया

**नवभारत, जबलपुर।** वर्तिका की मासिक काव्य गोष्ठी में प्रकृति पर्यावरण, धर्म अध्यात्म के साथ समसामयिक विषयों पर आधारित कविताएं सुनकर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। अवसर था उर्मिला श्रीवास्तव एवं अर्चना द्विवेदी के काव्य पटल लोकार्पण का समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ कवि विजय बागरी थे अध्यक्षता राजेंद्र मिश्रा ने की। विशिष्ट अतिथि डॉ.सुरेन्द्र लाल साहू थे। अतिथियों ने कहा कि राष्ट्र के विकास,समरसता, एवं राष्ट्रीय ज्वलंत समस्याओं पर जन जागरण एवं लेखन सशक्त माध्यम है। अपने विशिष्ट उद्बोधन में राजेश पाठक प्रवीणने कहा कि सार्थक सृजन जीवन की आंतरिक ओषधि है। संयोजक विजय नेमा ने वर्तिका के विभिन्न आयोजनों की जानकारी दी। वर्तिका के अध्यक्ष संतोष नेमा ने काव्य पटल के महत्व पर प्रकाश डाला। सरस्वती वंदना श्रीमती ज्योति मिश्रा ने एवं संचालन प्रतिमा अखिलेश ने किया। वही द्वितीय चरण में कवियों ने एक से बढ़कर एक कविताएं प्रस्तुत कीं जिनमें मुख्यत: विजेंद्र उपाध्याय, कालिदास ताम्रकार आदि मौजूद थे।

# ट्रांसपोर्टर ने माल गबन मामले में किया समझौता

**7 लाख रुपये में तय हुई राजीनामे की शर्त**

**कोतमा नवभारत 27 अप्रैल।** कोतमा वार्ड क्रमांक 2 स्थित प्रतिष्ठित कपड़ा फर्म मेसर्स बालूराम गोकुलचंद के साथ हुई लाखों रुपये की धोखाधड़ी और अमानत में खयानत के मामले में एक नया मोड़ आया है। पुलिस के हस्तक्षेप और दोनों पक्षों की सहमति के बाद, इस विवाद का निपटारा राजीनामे के माध्यम से कर दिया है।

फर्म के प्रोपराइटर पवन गोयनका ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 'उपकार ट्रांसपोर्ट' के संचालक इस्तियाक अहमद और उनके सहयोगियों ने विश्वासघात करते हुए फर्म की कुल 66 कपड़ा गठानें (कीमत 11,68,103) खुर्द-बुर्द कर दी थीं। शिकायत के अनुसार, ट्रांसपोर्टर ने मिलीभगत कर उक्त माल को किसी अन्य वाहन से उठवाकर कहीं और बेच दिया था। इस संबंध में ट्रांसपोर्ट के कर्मचारियों ने भी गबन की पुष्टि की थी।

### थाना प्रभारी की मौजूदगी में हुआ समझौता

मामले की गंभीरता को देखते हुए, दिनांक 20 फरवरी 2026 को कोतमा थाना प्रभारी श्त्लाम्बर शुक्ला की उपस्थिति में दोनों पक्षों के बीच सुलह प्रक्रिया आयोजित की गई। ट्रांसपोर्टर इस्तियाक अहमद की ओर से उनके भाई इरशाद अहमद ने पक्ष रखा।

### राजीनामे की मुख्य शर्तें

दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति से कुल गबन की राशि के एवज में सात लाख रुपये भुगतान करने पर समझौता हुआ, जिसके तहत दो किश्तों में इरशाद अहमद द्वारा द्वितीय पक्ष पवन गोयनका के बैंक खाते में सफलतापूर्वक जमा करा दी गई है। न्याय मिलने के बाद कपड़ा व्यापारी विपुल गोयनका ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि थाना प्रभारी समय पर हस्तक्षेप नहीं करते, तो मेरा लाखों रुपए का नुकसान हो जाता।

बैठक

कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश, पेयजल व्यवस्था को सुचारू बनाए रखें व अवैध निर्माण पर करें कार्रवाई

# मानसून से पहले जर्जर शासकीय भवनों को किया जाए ध्वस्त



**अनूपपुर, नवभारत 27 अप्रैल।** जिले में ग्रीष्म ऋतु के दौरान पेयजल व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने, अवैध निर्माण पर सख्त कार्रवाई करने और मानसून से पहले जर्जर शासकीय भवनों को ध्वस्त करने के निर्देश कलेक्टर हर्षल पंचोली ने दिए हैं।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनहित से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित नर्मदा सभागार में आयोजित समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर पंचोली ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था पूर्णतः सुव्यवस्थित और सुचारू रूप से संचालित की जाए।

### पेयजल व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

कलेक्टर ने कहा कि पेयजल व्यवस्था के संबंध में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जल संकट की स्थिति उत्पन्न न हो और सभी व्यवस्थाएं पहले से दुरुस्त रखी जाएं।

### नक्शे के अनुरूप ही बनाए जाए नए भवन

बैठक में कलेक्टर ने जिले के सभी नगरीय क्षेत्रों में भवन निर्माण कार्य को लेकर भी सख्त निर्देश जारी किए। उन्होंने मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को निर्देशित किया कि नए भवनों का निर्माण केवल विधिवत भवन अनुज्ञा प्राप्त करने के बाद ही कराया जाए। साथ ही शासन द्वारा निर्धारित मानकों एवं स्वीकृत नक्शे के अनुरूप ही अनुज्ञा प्रदान की जाए।

### मानसून से पूर्व चलाया जाए अभियान

कलेक्टर पंचोली ने बैठक में जिले के सभी चिन्हित शासकीय जर्जर भवनों को मानसून से पूर्व अभियान चलाकर डिस्मेंटल (ध्वस्तीकरण) करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि वे अपने जर्जर भवनों के डिस्मेंटल हेतु कार्यपालन यंत्री, पीआईयू से समन्वय स्थापित कर आवश्यक अनुमति प्राप्त करें और प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित करें।